# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**MID TERM EXAMINATION- 2024-25**
HINDI

Class : VI | Duration : 3.00 Hrs
Date : 19.09.2024 | Max. Marks : 80

Admission No.: | Roll No.:

*नोट:* - प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

खंड क **(**अपठित बोध**)**

**प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** [5]

एक बार एक राजा था। उसके पास एक बंदर था जो उसका सबसे अच्छा मित्र था।राजा का मित्र होने पर भी वह बंदर बहुत ही मुर्ख था। राजा का प्रिय होने के कारन उसे महल के हर जगह जाने की अनुमति थी बिना कोई रोक टोक। उसे शाही तरीके से महल में इज्ज़त दी जाती थी और यहाँ तक की वह राजा के कमरे में भी आराम से आ जा सकता था जहाँ राजा के गोपनीय सेवकों को भी जाना मना था।एक दिन दोपहर का समय था। राजा अपने कमरे में आराम कर रहा था और बंदर भी उसी समय पास के गद्दे में बैठ कर आराम कर रहा था। उसी समय बंदर ने देखा की एक मक्खी आकर राजा के नाक में बैठी । बंदर नें एक तौलिया से उस मक्खी को भगा दिया। कुछ समय बाद वह मक्खी दोबारा से आ कर राजा के नाक पर आ कर बैठ गयी। बंदर ने दोबारा उसे अपने हाँथों से भगा दिया।थोड़ी देर बाद बंदर नें फिर से देखा वही मक्खी फिर से आकर राजा के नाक पर बैठ गयी है। अबकी बार बंदर क्रोधित हो गया और उसने मन बना लिया कि इस मक्खी को मार डालना ही इस परेशानी का हल है।उसने उसी समय राजा के सर के पास रखी हुई तलवार को पकड़ा और सीधे उस मक्खी की को मारा। मक्खी तो नहीं मरी परन्तु राजा की नाक कट गयी और राजा घायल हो गया। कहानी से शिक्षा मिलती है कि मूर्ख दोस्तों से सावधान रहें। वे आपके दुश्मन से भी ज्यादा आपका नुक्सान कर सकते हैं।

(i)राजा का मित्र कौन बना था?

(क) बन्दर (ख) सैनिक (ग) सेनापति (घ) नौकर

(ii)दोपहर के समय राजा क्या कर रहा था?

(क) खा रहा था (ख) सो रहा था (ग) युद्ध कर रहा था (घ) सभा में था

(iii)उस समय बंदर ने क्या देखा?

(क) मक्खी (ख) हिरन (ग) शेर (घ) भालू

(iv) राजा को क्या नुकसान हुआ?

(क) उसका घर गिरा (ख) नाक कट गईं (ग) युद्ध हार गया (घ) युद्ध जीत गया

(v) बन्दर ने किससे हमला किया-

(क) तलवार (ख) बंदूक (ग) लाठी (घ) तीर -कमान

(vi) बंदर की क्या विशेषता थी ? [2]

(vii) इस कहानी से क्या सीख मिलती है? [2]

## खंड ख (व्याकरण बोध)

**प्रश्न.2 निर्देश के अनुसार सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए -** [3]

(i)आकाश का पर्यायवाची शब्द है-

(क) आसमान (ख) वस्त्र (ग ) अस्त्र (घ) गृह

(ii) आँख का पर्यायवाची शब्द है –

(क) चाँद (ख) नाक (ग) नयन (घ) भवन

(iii) ईश्वर का पर्यायवाची शब्द है –

(क) प्रभु (ख) गुरु (ग )अनिल (घ) भक्त

**प्रश्न.3 निर्देश के अनुसार सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए -** [3]

(i) आदान का विलोम शब्द है –

(क) नादान (ख) पायदान (ग ) प्रदान (घ) अवसान

(ii) आशा का विलोम शब्द है -

(क) भाषा (ख) रक्षा (ग ) निराशा (घ) पराया

(iii) अर्थ का विलोम शब्द है -

(क) अवगुण (ख) समर्थ (ग) अनर्थ (घ) व्यर्थ

**प्रश्न.4 निर्देश के अनुसार सही लिंग चुनकर लिखिए -** [2]

(i) चाचा का स्त्रीलिंग रूप है –

(क) भतीजा (ख) शिष्य (ग ) चाची (घ) मौसी

(ii) दादा का स्त्रीलिंग रूप है –

(क) दादी (ख) नानी (ग ) दाऊ (घ) मौसा

**प्रश्न.5 निर्देश के अनुसार सही वचन चुनकर लिखिए -** [2]

(i) कहानी का बहुवचन है-

(क) कहानिया (ख) कहानियाँ (ग ) कहानी (घ) रामकहानी

(ii) तैयारी का बहुवचन है –

(क) तैयारियाँ (ख) तैयरीया (ग ) तैयार (घ) सुधार

**प्रश्न.6 निर्देश के अनुसार काल पहचानकर काल के भेद लिखिए –** [2]

(i) वह पुस्तक पढ़ेगा | वाक्य में कौन सा काल है –

(क ) वर्तमान काल (ख) भविष्यत काल (ग ) भूत काल) (घ) प्रातकाल

(ii) गीता गा रही है | वाक्य में कौन सा काल है ?

(क) भूतकाल (ख) वर्तमान काल (ग )भविष्यकाल (घ) शायंकाल

**प्रश्न.7 संज्ञा के आधार पर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i) सरल का भाव वाचक संज्ञा है -

(क) सरलता (ख) आसान (ग )अच्छा (घ) श्रेष्ठ

(ii) वह आगरा घूमने गया था| इस वाक्य में संज्ञा है -

(क) घूमने (ख) वह (ग ) आगरा (घ) गया

**प्रश्न.8 सर्वनाम के आधार पर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i )<u>जैसी</u> करनी <u>वैसी</u> भरनी | रेखांकित शब्द सर्वनाम का कौन सा भेद है -

(क) प्रश्नवाचक (ख) निजवाचक (ग ) संबंध वाचक (घ) अनिश्चय वाचक

(ii) <u>यह</u> मेरी किताब है सही सर्वनाम है -

(क) निशयवाचक सर्वनाम (ख) पुरषवाचक सर्वनाम

(ग ) प्रश्नवाचक सर्वनाम (घ) अनिश्चय वाचक

**प्रश्न.9 उपसर्ग /प्रत्यय के आधार पर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए -** [3]

(i) आधार शब्द में उपसर्ग है -

(क) धार (ख) अधर (ग ) आ (घ) निर

(ii) अनुराग शब्द में उपसर्ग है-

(क) मनु (ख) राग (ग ) अनु (घ) अप

(iii) लिखाई शब्द में प्रत्यय है-

(क) आई (ख) बनाई (ग ) लाई (घ) इय

**प्रश्न.10 मुहावरों के आधार पर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i) आग बबूला होना मुहावरे का अर्थ है –

(क) आग लगाना (ख) खुश होना (ग) बहुत गुस्सा होना ( घ) हार जाना

(ii) चेहरा पीला पड़ना मुहावरे का अर्थ है-

(क) बहुत खुश होना (ख) बहुत घबरा जाना (ग) उदास होना (घ) नाचना

**प्रश्न.11 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** [5]

बेंजी उदास मन से इधर उधर घूमने लगा और कुछ देर बाद वह एक बड़े से पत्थर पर जा बैठा | मन ही मन वह अपने आपको कोस रहा था ,बस सात ही रूपए तो कम थे | मैंने क्यों नहीं सात रूपए और कमा लिए | यदि में पेड़ खरीद कर घर ले जाता तो सैमी और रुथ कितनी खुश हो जातीं | और इस तरह वह अपने ऊपर झल्लाकर ,पैर पटकते हुए बाजार में इधर से उधर घूमने लगा | थोड़ी देर बाद उसने अपने आपको फिर उसी दुकान के सामने खड़ा पाया | उसने खिड़की से देखा वह पेड़ अभी तक वहीं रखा था|

(i) बेंजी किस मन से इधर -उधर घूमने लगा -

(क) प्रसन्न (ख) उदास (ग )दुखी (घ) संतुष्ट

(ii) बेंजी के पास कितने रुपए थे ? -

( क) सात (ख) अट्ठाइस (ग ) बीस (घ) सौ

(iii) यदि वह पेड़ ख़रीदता तो किस को ज्यादा ख़ुशी होती ?

(क) दादा को (ख) भाई को (ग ) बहनों को (घ) पिता को

(iv) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) बड़ा दिन (ख) मानवता (ग ) छोटा दिन (घ) दूसरा दिन

(v) बेंजी की बहनों के नाम थे –

(क) सैमी और रूथ (ख) दिया - डैना (ग ) किम – ओली (घ) लिन -मिन

**प्रश्न 12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए -** [5]

भूल गया है क्यों इंसान |
सबकी है मिटटी के काया,
सब पर नभ की निर्मल छाया,
यहाँ नहीं कोई आया है ,
ले विशेष वरदान ,
भूल गया है क्यों इंसान,

(i) हम सब पर किसकी छाया है ?

(क) धरती (ख) नभ (ग ) सूर्य (घ) तारों

(ii) इस संसार में कोई लेकर नहीं आया है –

(क) शाप (ख) वरदान (ग) दान (घ) अपमान

(iii) इस पद्यांश के लेखक कौन है?

(क) डॉ हरिवंश राय बच्चन (ख) शिवमंगल सिंह सुमन

(ग ) पंत (घ) प्रसाद

(iv) इस पद्यांश की कविता का नाम क्या है ?

(क) पद (ख) साखी (ग ) मानवता (घ) भूल गया है क्यों इंसान

(v) सबकी काया किसकी बनी हुई है -

(क) मिट्टी की (ख) पत्थर की (ग ) सोना की (घ) कोयला की

**खण्ड --ग साहित्य कौशल**

**प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों लघु उत्तर लिखिए ?** [8]

(i) मिस्टर अब्राहिम ने बेंजी को उपहार के रूप में क्या और क्यों दिया?

(ii) शिष्यों को कितने लोग जंगल में मिले? शिष्यों ने उनसे क्या पूछा ?

(iii) गुरुकुल में गुरूजी को कितने शिष्य गुरु-दक्षिणा देना चाहते थे ?

(iv) विज्ञान की चीज़ें मनुष्य ने क्यों बनाई थी अब उस का असर मनुष्य पर क्या हो रहा है?

**प्रश्न 14 निम्नलिखित प्रश्नों दीर्घ** के **उत्तर लिखिए ?** [12]

(i) बेंजी जब दुकान के बाहर था तो वह क्या सोंच -सोंच कर दुखी था?

(ii) जूलिया को सबक सिखाने के लिए लेखक ने यही तरीका क्यों चुना?

(iii) गुरु जी दवारा सुनाई गई कहानी में किसने किस -किस तरह से सूखी पत्तियों का इस्तेमाल किया?

(iv) मैना ने भोजन के बारे में क्या बताया?

## खण्ड ( घ) लेखन कौशल

**प्रश्न. 15** डॉक्टर व रोगी के बीच संवाद 40 से 50 शब्दों में लिखिए | [5]

**प्रश्न.16** किसी एक विषय पर 60 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए | [5]

(क) मेरा प्रिय खेल (ख) मेरा प्रिय त्यौहार (ग ) मेरा विद्यालय

**प्रश्न. 17** अपने मन पसंद पेंसिल का सुन्दर विज्ञापन तैयार कीजिए | [5]

**प्रश्न. 18** अवकाश प्राप्ति का निवेदन करते हुए अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए | [5]

**अथवा**

अपने बड़े भाई के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को निमंत्रण -पत्र लिखिए |

---------------------------------------------------------------- समाप्त ----------------------------------------------------------------